# ट्रैक्टर-ट्रॉली और बस में टक्कर, 6 घायल

## ■ हरद्वार गांव के पास देर रात हुआ हादसा ■ अवैध गिट्टी परिवहन की भी जांच शुरू

**नवभारत न्यूज**
**लवकुशनगर (छतरपुर), 13 जुलाई.** छतरपुर जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र के हरद्वार गांव के पास रविवार और सोमवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला.

गिट्टी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और सामने से आ रही यात्री बस में टक्कर हो गई. हादसे में बस में सवार करीब छह यात्री घायल हो गए. सभी घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया.

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज गति से चल रही थी. हरद्वार गांव के समीप सामने से आ रही यात्री बस से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई. टक्कर के बाद बस में चीख-पुकार मच गई. आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर राहत कार्य शुरू किया. घटना की सूचना मिलते ही लवकुशनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाने के साथ दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया और दोनों वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया.

> प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे की प्रमुख वजह माना जा रहा है. वहीं, ट्रैक्टर-ट्रॉली में गिट्टी भरी होने के कारण उसके परिवहन से जुड़े दस्तावेजों और खनिज नियमों के पालन की भी जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.



# नहर किनारे खेत में मिला व्यक्ति का शव

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर , 13 जुलाई.** ईशानगर थाना क्षेत्र के जैतूपुरा गांव के पास नहर किनारे स्थित एक खेत में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. ग्रामीणों ने खेत में शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद ईशानगर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया. घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई. पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान जैतूपुरा निवासी देवीनाथ के रूप में हुई है, जो सपेरा समुदाय से जुड़े थे. प्रारंभिक जांच में मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है. पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ भी शुरू कर दी है. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मौत प्राकृतिक कारणों से हुई, दुर्घटना का मामला है या इसके पीछे कोई अन्य वजह है.

**परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई**



> मृतक के भतीजे भूपेंद्र, निवासी जरूआ थाना क्षेत्र जतारा, ने बताया कि उनके चाचा जैतूपुरा में अकेले रहते थे. उन्होंने कहा कि परिवार को उनकी मौत की जानकारी मिलने के बाद वे मौके पर पहुंचे, लेकिन अब तक यह पता नहीं चल सका है कि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई. उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराने की मांग की है, ताकि वास्तविक तथ्य सामने आ सकें.

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने राय को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर के नेतृत्व में तेरह सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम एवं मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन विधायक सुदेश राय को सौंपा. एसोसिएशन के उप प्रांताध्यक्ष केएल बैरागी ने बताया कि मप्र, छत्तीसगढ पुर्नगठन अधिनियम की धारा में सहमति का कोई प्रावधान नहीं है अत: सहमति की प्रथा तत्काल समाप्त की जाकर केन्द्रीय पेंशनर्स के अनुरूप राहत राशि का भुगतान किया जाए. जुलाई 19 से केन्द्रीय तिथि से महंगाई राहत का नियमित भुगतान किया जाए. इस अवसर पर दिनेश जोशी, दिलीप राठौर, बैनी प्रसाद कुशवाह, आदि उपस्थित थे.

**जिला सलाहकार समिति की बैठक**

# 'मेरा युवा भारत' पोर्टल पर कराएं पंजीयन

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर 13 जुलाई.** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में 'मेरा युवा भारत' योजना के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई. बैठक में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिक से अधिक युवाओं का पोर्टल पर पंजीयन कराने, विभागीय समन्वय बढ़ाने और वार्षिक कार्ययोजना के तहत कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई.

**विभागीय समन्वय पर जोर, जागरुकता कार्यक्रम होंगे**




कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों और उपलब्ध माध्यमों के जरिए अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है. बैठक में प्रशासनिक, न्यायिक, औद्योगिक, तकनीकी, सामाजिक और विकासात्मक संस्थाओं से युवाओं को जोड़ने के लिए संयुक्त रूप से जागरूकता एवं सहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया. साथ ही गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए विभागीय समन्वय को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया.बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम: शिवाय अरजरिया, अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी, जिला युवा अधिकारी मयंक पाठक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.




# पत्नी ने प्रेमी और साथी संग रची थी हत्या की साजिश

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 13 जुलाई.** छतरपुर जिले के सटई थाना क्षेत्र के अमरोनिया जंगल में मिले युवक के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पुलिस के अनुसार, मृतक की हत्या उसकी पत्नी ने अपने साथी और एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से कराई थी. मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है.

पुलिस के अनुसार, 10 जुलाई को सिगरामपुरा निवासी मनीराम रैकवार के लापता होने की सूचना पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गई थी. तलाश के दौरान अमरोनिया जंगल स्थित बगाई नाला में एक शव मिला, जिसकी पहचान मनीराम रैकवार के रूप में हुई. इसके बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की. जांच के दौरान जुटाए गए भौतिक और तकनीकी साक्ष्यों से खुलासा हुआ कि मृतक की पत्नी शिवानी रैकवार, उसके साथी अखलेश पटेल और सहयोगी भरत यादव ने मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया.

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. उनके कब्जे से घटना में

**अमरोनिया जंगल में मिला था युवक का शव**
**सटई पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

प्रयुक्त मोटरसाइकिल, तौलिया, पेचकस, मोबाइल फोन तथा अन्य सामग्री बरामद की गई है. पुलिस आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है.पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले और एसडीओपी बिजावर अजय रिठौरिया के मार्गदर्शन में सटई थाना पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया.

# बुजुर्ग महिला को सांप ने डसा, भर्ती

## पॉलीथिन में साड़ी के साथ छिपा था सांप

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 13 जुलाई.** खजुराहो थाना क्षेत्र के बहरापुरवा गांव में रविवार को एक बुजुर्ग महिला को घर में रखी पॉलीथिन से साड़ी निकालते समय जहरीले सांप ने डस लिया. परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां समय पर उपचार मिलने से उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है.

**समय पर अस्पताल पहुंचने से महिला की बची जान**



परिजनों के अनुसार, श्याम बाई घर के कामकाज के दौरान पॉलीथिन में रखी साड़ी निकाल रही थीं. जैसे ही उन्होंने उसमें हाथ डाला, अंदर छिपा जहरीला सांप बाहर निकला और उनकी उंगली पर डस लिया. महिला की चीख सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत अस्पताल ले गए. महिला के पोते सोनू पाल ने बताया कि किसी को अंदाजा नहीं था कि पॉलीथिन में साड़ी के साथ सांप भी छिपा हुआ है.

जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला का तत्काल उपचार शुरू किया. चिकित्सकों के मुताबिक, समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण उनकी हालत फिलहाल स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं. डॉक्टरों ने बारिश के मौसम में कपड़े, पॉलीथिन, बक्से, लकड़ी, भूसा और अन्य सामान में हाथ डालने से पहले सावधानीपूर्वक जांच करने की अपील की है, क्योंकि इस मौसम में सांप और अन्य विषैले जीव सूखी एवं सुरक्षित जगहों पर छिप जाते हैं.

# बंसल चतुर्वेदी को पदोन्नत करने का आदेश जारी

**छतरपुर, 13 जुलाई.** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने राज्य नगरीय (प्रशासनिक) सेवा के अधिकारियों से जुड़ा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है.

विभाग ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी 'ग' श्रेणी एवं फीडर कैडर राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत बसंत कुमार चतुर्वेदी को पदोन्नत कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी 'ख' श्रेणी नियुक्त किया है. विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह पदोन्नति स्थानापन्न रूप से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी. पदोन्नति के साथ चतुर्वेदी को लेवल-12 के



तहत 56,100 रुपये से 1,77,500 रुपये तक का वेतनमान (पूर्व वेतनमान 15,600-39,100 रुपये + 5,400 रुपये ग्रेड वेतन) स्वीकृत किया गया है.शासन ने आदेश में स्पष्ट किया है कि पदोन्नति के बावजूद बसंत कुमार चतुर्वेदी को फिलहाल उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल पर ही यथावत कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं.

## स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग

**हरपालपुर .** राष्ट्रीय राजमार्ग-76 पर बस स्टैंड से बायपास रोड तक स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग स्थानीय नागरिकों ने उठाई है. नागरिकों का कहना है स्ट्रीट लाइट न होने से सड़क पर अंधेरा रहता है. रहवासी लंबे समय से स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग करते आ रहे है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही. इसके अलावा नगर के शासकीय बालक उमावि खेल ग्राउंड में खेल प्रेमियों ने ग्राउंड पर हैडपंप व हाईमास्ट हैलोजन लगाने की मांग की है ताकि डे- नाईट मैच आयोजित किए जा सके.

## ▶ पटाखा फटने से 7 वर्षीय बच्ची घायल



सटई थाना क्षेत्र के ग्राम कदवा में सोमवार सुबह पटाखा फटने से 7 वर्षीय बच्ची घायल हो गई. घायल बच्ची को परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है.जानकारी के अनुसार, ग्राम कदवा निवासी आरुषि अहिरवार को खेलते समय कहीं से एक पटाखा मिल गया. वह उसे घर ले आई और उसमें आग लगा दी. आग लगते ही पटाखा तेज धमाके के साथ फट गया, जिससे बच्ची घायल हो गई. घटना सोमवार सुबह करीब 7 बजे की बताई जा रही है. धमाके की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार जारी है.घटना के बाद परिजनों ने लोगों से अपील की है कि बच्चों को पटाखों और अन्य विस्फोटक सामग्री से दूर रखें तथा ऐसे सामान मिलने पर उन्हें छूने या जलाने न दें.

## महाराजपुर सीएमओ का वेतन रोकने के निर्देश

**महाराजपुर.** कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण और जियो टैगिंग की समीक्षा के दौरान महाराजपुर नगर परिषद की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई. समीक्षा में सामने आया कि एक भी आवास पूर्ण नहीं हुआ है तथा जियो टैगिंग का कार्य भी संतोषजनक नहीं है. इस पर कलेक्टर ने महाराजपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) का वेतन रोकने के निर्देश दिए. साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवास निर्माण और जियो टैगिंग का कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए.

# विधायक ने सुनीं जनता की समस्याएं

**छतरपुर,13 जुलाई.** विधायक ललिता यादव ने सोमवार को अपने छतरपुर स्थित निवास पर विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं. उन्होंने लोगों की समस्याओं व सुझावों पर विस्तार से चर्चा की.विधायक ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए.

**अधिकारियों को दिए समाधान करने के निर्देश**



उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है. ललिता यादव ने कहा कि जनता की सेवा, उनकी समस्याओं का निराकरण और जनविश्वास पर खरा उतरना ही उनके जनप्रतिनिधि होने का मूल दायित्व है. उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े मामलों में हरसंभव प्रयास किए जाएंगे.

**मांग** ▶ **लापता नाबालिग बच्ची की जल्द बरामदगी की जाए**

# युवा कांग्रेस ने किया एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 13 जुलाई. छतरपुर में युवा कांग्रेस ने जिले के तीन अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया. इसके बाद कार्यकर्ताओं ने एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर संबंधित मामलों में जल्द कार्रवाई की मांग की.**



युवा कांग्रेस के नेता मोहम्मद अली भारतीय के नेतृत्व में दोपहर करीब 3 बजे कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे. ज्ञापन में बक्स्वाहा के नैनागिरी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, सटई थाना क्षेत्र के नदगाय बत्तयन गांव में महिला पर कुल्हाड़ी से हुए हमले के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा बाग थाना क्षेत्र के गंगवाहा गांव से लापता नाबालिग बालिका को शीघ्र बरामद करने की मांग की गई.

> युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इन मामलों में समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से आम लोगों में असुरक्षा का माहौल है. उन्होंने पुलिस प्रशासन से तीनों मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और लापता बालिका की जल्द से जल्द तलाश करने की मांग की. ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## गढ़ीमलहरा सीएमओ को मिली पदोन्नति

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर.** गढ़ीमलहरा नगर परिषद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) साजिदा कुरैशीको पदोन्नति मिली है.



पदोन्नति के बाद उन्हें 'खा' श्रेणीमें पदस्थ किया गया है. इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आदेश जारी किए गए हैं.साजिदा कुरैशी की पदोन्नति पर नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं.

# इंस्टाग्राम हैक करने के शक में युवक से मारपीट

▶ **श्यामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोठी जोड़ पर रोककर मारा**
▶ **पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला किया दर्ज**

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 13 जुलाई.** सोशल मीडिया अकाउंट हैक करने के संदेह में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है. घटना श्यामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोठी जोड़-घाटपलासी रोड की है. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार फरियादी फारूक, जो पेशे से ड्राइवर है ने बताया कि रविवार को सुबह वह श्यामपुर आया था. जब वह सोठी जोड़-घाटपलासी रोड के पास पहुंचा, तभी ग्राम रावनखेड़ा निवासी अनस खान और मुस्ताक खान ने उसे रोक लिया. फरियादी के मुताबिक अनस खान ने उस पर अपना इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने का आरोप लगाया। जब उसने इस आरोप से साफ इनकार किया, तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मुस्ताक खान ने डंडे से उसकी नाक पर जोरदार वार कर दिया.